Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

## प्रेस नोट

## ➢ प्रतापगढ़ में पटवारी 4 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

जयपुर, *03 जून, सोमवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर प्रतापगढ़ इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **मदन सिंह मोहिल पटवारी पटवार हल्का निनोर, तहसील दलोट, जिला प्रतापगढ़** को परिवादी से **4 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

**भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा** ने बताया कि ए.सी.बी. की प्रतापगढ़ इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि भूमि के सीमाज्ञान कार्य की एवज में मदन सिंह मोहिल पटवारी पटवार हल्का निनोर, तहसील दलोट, जिला प्रतापगढ़ द्वारा **10 हजार रूपये** रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी उदयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल** के सुपरवीजन में एसीबी की प्रतापगढ़ इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी मदन सिंह मोहिल पटवारी पटवार हल्का निनोर, तहसील दलोट, जिला प्रतापगढ़ को परिवादी से **4 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि ट्रेप कार्यवाही के दौरान आरोपी की तलाशी में उसके पास **46 हजार 520 रुपये** की संदिग्ध राशि बरामद हुई है, जिसके संबंध में आरोपी द्वारा कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया। मौके पर कार्यवाही जारी है।

**एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल** के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

**भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा** ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**